हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 20 नवंबर 2025

06 जलसंकट के समय नगरपालिका को आती...



09 नाली खोदकर सड़क किनारे ही पटकी मिट्टी, जमा...





## खबर संक्षेप

### परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री आज आएंगे

**नर्मदापुरम।** प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह 20 नवंबर को नर्मदापुरम जिले के भ्रमण पर रहेंगे। मंत्री श्री राव 20 नवंबर गुरुवार को दोपहर 1:45 बजे भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 03:45 बजे पिपरिया पहुंचेंगे एवं नव चेतना स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। मंत्री श्री राव शाम 05:00 बजे नर्मदापुरम जिले से गाडरवाड़ा के लिए रवाना होंगे।

### सीएमओ ने बीएलओ की बैठक में की समीक्षा

**माखन नगर।** नगर परिषद के सभागार में मुख्य नगर पालिका अधिकारी जीएस राजपूत ने नगर मेंएस आई आर सर्वे कार्य में लगे सभी बीएलओ की बैठक ली एवं सर्वे की प्रगति की जानकारी ली सी एम ओ राजपूत ने बताया ने बताया नगर में सर्वे कार्य में लगे बी एल ओ एवं अन्य कर्मचारी घर-घर जाकर फॉर्म भर रहे हैं 2003 की मतदाता सूची के आधार पर जो यहां पहले से निवास कर रहे है उनके फार्म पहले भरे जा रहे हैं और जो यहां आकर रहने लगे हैं उनके और उनके परिजनों के नाम अन्य जगह हैं वह जानकारी तैयार की जा रही हैं। साथ ही निर्देश दिये कि एसआईआर में लापरवाही न बरतें।

## सांसद एवं विधायक गण करेंगे शुभारंभ, आज आसमान में उड़ने का आगाज

# मढ़ई-पचमढ़ी हेलीकॉप्टर सेवा से खुलेगा पर्यटन विकास का नया द्वार: विजयपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मढ़ई-पचमढ़ी हेलीकॉप्टर सेवा से पर्यटन विकास का नया द्वार खुलेगा। यह बात सोहागपुर के विधायक विजयपाल सिंह ने बुधवार शाम प्रेस नोट के माध्यम से नर्मदा अंचल क्षेत्र की जनता के समक्ष व्यक्त की है। सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज ने बताया कि आज से मढ़ई-पचमढ़ी हेलीकॉप्टर पर्यटन सेवा प्रारंभ होगी।

सरोज ने बताया कि आज गुरुवार सुबह 10:30 बजे सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह तथा पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी हेलीकॉप्टर को हरी झंडी दिखाएंगे। उल्लेखनीय है कि मप्र स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मढ़ई व पचमढ़ी के लिये हेलीकॉप्टर पर्यटन सेवा शुरू करने की घोषणा की थी।

**जिले के मढ़ई-पचमढ़ी हेलीकॉप्टर पर्यटन सेवा प्रारंभ होगी। इस सेवा का आरंभ विधायक द्वय विजयपाल सिंह एवं ठाकुरदास नागवंशी करेंगे।**




### अब भोपाल से सीधे पचमढ़ी पहुंचेगे पर्यटक

सरोज ने बताया कि आज 20 नवंबर से पीएम श्री पर्यटन हेली सेवा की शुरुआत होगी, जिसमें पर्यटक अब भोपाल से सीधे मढ़ई और पचमढ़ी तक हवाई मार्ग से पहुंच सकेंगे। इधर विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि सेवा शुरू होने से ना केवल प्रदेश के पर्यटन को गति मिलेगी, बल्कि सोहागपुर को भी पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि पहल से मढ़ई, पचमढ़ी, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और नर्मदा क्षेत्र में पर्यटकों की आमद में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है। इससे स्थानीय स्तर पर होटल व्यवसाय, वाहन चालक, गाइड और हस्तशिल्प विक्रेताओं को भी रोजगार और आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

### इस तरह होगी व्यवस्था

जानकारी अनुसार प्रारंभिक चरण में प्रत्येक सेक्टर में वे हेलीकॉप्टर संचालित होंगे जिनमें कम से कम छह यात्री सीटें होंगी। भविष्य में मांग वृद्धि एवं पर्यटक संख्या के आधार पर सेवाओं का विस्तार भी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मढ़ई सतपुड़ा नेशनल पार्क का प्रवेश द्वार है, जो प्राकृतिक सुंदरता और जैव-विविधता के लिए प्रसिद्ध है। अब हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होने से यह इलाका राज्य के प्रमुख इको-टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित हो सकेगा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस पहल का स्वागत किया एवं कहा कि सोहागपुर का नाम अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन नक्शे पर दर्ज होगा और यहां के युवाओं को नए रोजगार अवसर मिलेंगे।

### इनका कहना है

हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होने के बाद पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। जिससे मप्र सरकार का 'दिलों में बसे मध्यप्रदेश' का नारा सार्थक सिद्ध होगा।"-

**अश्वनी सरोज, मंडल अध्यक्ष, भाजपा सोहागपुर।**

सांसद तथा विधायक के समन्वय से तथा मुख्यमंत्री द्वारा सोहागपुर को पीएम हेली पर्यटन सेवा की बड़ी सौगात दी जा रही है। इससे क्षेत्र का विकास होगा।"-

**विजय नन्नू छाबड़िया मंडल प्रतिनिधि, भाजपा सोहागपुर।**

"विकास पुरुष विधायक विजयपाल सिंह ने सदैव क्षेत्र में नव विकास के कदम उठाए हैं। पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा विकास की कड़ी है। अभी और सौगातें मिलना बाकी हैं।"-

अभिनव पालीवाल, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष, सोहागपुर।

## बाल श्रम करवाते पाने वाले दोषी पर किया गया जुर्माना अधिरोपित

### न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी का फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बाल एवं कुमार श्रम अधिनियम 1986 के तहत 26 सितंबर 2025 को नगरीय क्षेत्र पिपरिया का जिला टास्क फोर्स द्वारा बाल श्रम जनजागरुकता एव निरीक्षण हेतु भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान मंगलवारा बाजार पिपरिया में स्थित सस्थान राहूल बूट हाउस नियोजक शशंकरलाल पारवानी के यहाँ एक बाल श्रमिक कार्यरत पाया गया। श्रम निरीक्षक सरिता साहू द्वारा अधिनियम अंतर्गत निरीक्षण संपादित कर बाल श्रमिक को कार्यस्थल से विमुक्त कर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में श्रम निरीक्षक द्वारा अधिनियम अंतर्गत संस्थान में बाल श्रमिक कार्यरत पाये जाने पर अभियोजन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पिपरिया के समक्ष दायर किया गया। प्रकरण में न्यायालय द्वारा अभियुक्त पर 25 हजार का जुर्माना अधिरोपित किया गया। उक्त जुर्माना बाल पुर्नवास कोष होशंगाबाद में जमा किया जायेगा एवं उक्त राशि की बाल श्रमिक के नाम पर एफ डी. की जावेगी। उक्त कार्यवाही में सरिता साहू, श्रम निरीक्षक, मंजूला जैन दुबे, सुपरवाईजर पंचम सिंह नागवंशी, प्रभारी प्राचार्य, मेहन्द्र कुमार गौर, प्रधान अरंक्षक भी सम्मिलित रहे।

### मिशन शक्ति अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना में कॅरियर परामर्श सत्र किया गया आयोजित

**माखननगर।** कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत परियोजना माखननगर में कैरियर परामर्श सत्र का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को भविष्य की शैक्षणिक एवं व्यावसायिक अवसरों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद श्रीमती निरंजन दुबे, जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित कुमार डहेरिया तथा सहायक संचालक श्री संजय कुमार जैन उपस्थित रहे। करियर परामर्शदाता के रूप में भोपाल स्थित ओरिएंटल कॉलेज से अमजद खान एवं चिराग चौरे द्वारा बालिकाओं को विभिन्न करियर विकल्पों जैसे पैरामेडिकल, नर्सिंग, वेटरनरी, फैशन डिजाइनिंग, इंजीनियरिंग डिजाइनिंग, एयर होस्टेस आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस विभाग से आरक्षक अजय रघुवंशी द्वारा वर्तमान समय में बढ़ रही साइबर घटनाओं एवं साइबर क्राइम से बचाव के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई।

## हिंद पब्लिक स्कूल गूजरवाड़ा में किया बाल मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



शाला हिन्द पब्लिक स्कूल गूजरवाड़ा मे बालमेले का आयोजन किया गया जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा स्वादिष्ट व्यंजनओ का आनंद लिया मेले का शुभआरंभ रिबिन काटकर किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्याम सिंह पटैल, विकेश सिंह राजपूत, प्राचार्य पीएमश्री बागरा तवा, वृजेश त्रिवेदी, रवि शंकर पलोहिया शासकीय हा स्कूल गूजरवाड़ा जगन्नाथ पाल किशोर कुमार धोटे कैलाश दुबे उपमा दुबे तारा सुनानिया एवं पालकगण शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थिति रहे।

## सेवानिवृत्त अधिकारी ने किया जरूरतमंदों को कंबल का वितरण, वर्षों से कर रहे हैं जनसेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सेवानिवृत्त शासकीय अधिकारी महेश सोनी द्वारा ठंड के मौसम मे जरूरतमंदों में कंबल वितरित किये गए हैं। सोनी ने राम रहीम रोटी बैंक के माध्यम से कंबल वितरण किया है।

उल्लेखनीय है कि समाजसेवी तथा सिंचाई विभाग से सेवानिवृत एसडीओ महेश कुमार सोनी द्वारा प्रति वर्ष तेज ठंड प्रारंभ होते ही फुटपाथ पर रहने वाले जरूरतमंदों, गरीबों तथा बेघरों को गरम कंबल दिये जाते हैं। समाज सेवा का यह कार्य सोनी पिछले कई वर्षों से करते आ रहे हैं।

इस बार सोनी ने कंबल वितरण कार्य पुराने थाने के पीछे स्थित काली मंदिर परिसर में किया। इस दौरान रोटी बैंक संचालक जमील खान, नप उपाध्यक्ष आकाश



रघुवंशी, व्यवसायी माधव भावसार एवं आनंद कुशवाहा विशेष रूप से उपस्थित थे।

## स्कूल डायरेक्टर डॉ. आशुतोष शर्मा ने सीएम के संस्कृतिक सलाहकार से कई मुद्दों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

समेरिटंस ग्रुप के डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के सांस्कृतिक सलाहकार और वीर भारत न्यास के सचिव श्रीराम तिवारी से भोपाल स्थित रविन्द्र भवन कार्यालय सौजन्य भेंट की। इस दौरान उनसे सांस्कृतिक सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

इस दौरान श्री तिवारी ने आगामी 1 दिसंबर को गीता जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर संभाग मुख्यालय पर पांच हजार बच्चों को एक साथ गीता का स्वर पाठ कराया जाना है। यह कार्य विश्व गीता प्रतिष्ठानम के सहयोग से किया जा रहा है। श्री तिवारी ने डा शर्मा द्वारा शिक्षा, संस्कृति और अध्यात्म के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की। इस दौरान अकादमिक प्रभारी विक्रांत खंपरिया, प्रमोद शर्मा और अमित माहेश्वरी भी उपस्थित रहे।



## गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में अपेक्षाकृत प्रगति प्राप्त करने सघन मॉनिटरिंग करें अधिकारी: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




कलेक्टर सोनिया मीना ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत की जा रही गतिविधियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक विधानसभा अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों में मतगणना प्रपत्रों के वितरण के पश्चात किए जा रहे डिजिटाइजेशन कार्य का गहनता से परीक्षण किया। कलेक्टर ने समस्त बीएलओ द्वारा अब तक किए जा चुके डिजिटाइजेशन के आंकड़ों की समीक्षा के आधार पर विधानसभा क्षेत्र होशंगाबाद की सबसे न्यून प्रगति पर गहन असंतोष व्यक्त करते हुए होशंगाबाद इआरओ/एसडीएम को निर्देश दिए की जिले की समग्र प्रगति में होशंगाबाद विधानसभा क्षेत्र की भी यथेष्ठ सहभागिता सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान प्रगति अपेक्षाकृत नहीं है जिसकी गहनता से समीक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने एसडीएम नर्मदापुरम को निर्देश दिए की जिन मतदान केंद्र पर बीएलओ द्वारा लापरवाही की जा रही है उन केंद्रों पर बीएलओ के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही प्रस्तावित कर उनके स्थान पर रिजर्व बीएलओ से कार्य करवाया जाए। कलेक्टर ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत किया जा रहे हैं किसी भी कार्य में लापरवाही स्वीकार्य नहीं की जाएगी।

## ग्रामीणों के बीच सराहनीय बन रहे सांडियां पंचायत के सरपंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत साडियां के सरपंच प्रताप सिंह उर्फ राम जी दीक्षित जो सुबह से लेकर शाम तक लगातार पंचायत में पदस्थ रहते हैं। लगातार अपडेट रहते हैं। पंचायत में भी लगातार सर्च करते हुए काम कराते हैं। गरीब तबके के लोगो को लाभान्वित किया गया है। सचिव अभिषेक पाण्डेय, अनिल पांडेय भी रोजगार सहायक नहीं है उसके बाद भी लगातार सारे काम करने कोलेकर सजग है। आम जनता काफी खुश हैं। नर्मदा नदी के घाट को पक्का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। अभी तक सरपंच ने लगभग आधा दर्जन लोगों को नर्मदा नदी में डुबने से बचाया गया है। पंचायत भवन ,नाली नाले सीसी रोड सामुदायिक भवन सहित लगभग 2 करोड़ रुपए के विकास कार्य कराए गए हैं। लेकिन कोई हितग्राही मूलक योजनाओं में लापरवाही नहीं बरती जा रही है। सचिव की तरह हमेशा पंचायत में बैठे हुए रहते हैं। इनके सरपंच बनने से कोई भी शिकायत करने कोई कहीं नहीं पहुंचता है। लोग सराहना करते हुए थकते नहीं है।



## सोहागपुर में 16 दिन में हुआ एसआआईआर अंतर्गत लगभग 39 प्रतिशत कार्य हुआ पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देश पर देश में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य जारी है। एक माह में कार्य की पूर्णता के आयोग के निर्देश हैं। वहीं सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में अब तक लगभग 39 प्रतिशत कार्य हो सका है। सोहागपुर निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार बुधवार तक की स्थिति में 38.93 प्रतिशत कार्य मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण में हुआ है। जिसमें अधिकतर काम बीएलओ ने डोर टू डोर सर्विस से किया है।

स्थानीय प्रशासन प्रयासरत है कि मतदाता भी जागरूक हों तथा वर्ष 2003 की मतदाता सूची में उल्लेखित स्वयं का डाटा जुटाने में सहयोग करें। इससे अंतिम तिथि चार दिसंबर 2025 तक लक्ष्य पूर्ति हो सकेगी। जानकारी अनुसार इस पुनरीक्षण कार्य की अंतिम तिथि के बाद मतदाताओं को वर्ष 2003 का निजी डाटा जुटाने स्वयं मशक्कत करनी होगी व दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

अतः रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व समस्त बीएलओ ने जनता से अपील की है कि भविष्य में संभावित परेशानी से बचने के लिए मतदाता भी कार्य को गंभीरता से लें। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में जन सुलभता के लिए प्रशासन की ओर से ब्लॉक मुख्यालय पर तीन हेल्प डेस्क स्थापित की गई हैं।

निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार सोहागपुर शहर में जपं कार्यालय, नप कार्यालय व निर्वाचन शाखा में हेल्प डेस्क बनाई गई हैं। जहां कार्य संबंधी कोई जानकारी के लिये मतदाता संपर्क कर सकते हैं।

## प्रज्ञा प्रवाह अध्ययन मंडल की मासिक बैठक का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्थानीय नर्मदा महाविद्यालय में प्रज्ञा प्रवाह के अध्ययन मंडल की मासिक बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें महाविद्यालय के डा. रवि उपाध्याय, प्रज्ञा प्रवाह शोध आयाम प्रमुख एवं मुख्य वक्ता गृहविज्ञान महाविद्यालय के प्रोफेसर डा. रामबाबू मेहर, प्रज्ञा प्रवाह की विभाग सहसंयोजिका कु. रूचि खंडेलवाल, विभाग टोली सदस्य भारती चौकसे एवं विधार्थियों ने सहभागिता ली गई है। प्रज्ञा प्रवाह के विभाग संयोजक प्रमोद शर्मा ने बताया कि इसमें डा. रामबाबू मेहर ने भारत में विज्ञान की उज्ज्वल परंपरा विषय पर विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि भारत का वैज्ञानिक इतिहास अत्यंत प्राचीन, समृद्ध और बहुआयामी रहा है। यहाँ विभिन्न कालों में विज्ञान, गणित, खगोल, आयुर्वेद, वास्तुकला, धातुकर्म एवं अन्य क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियाँ बताई गईं।

### स्व इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती मनाई गई

## पूर्व पीएम स्व. इंदिरा गांधी को कांग्रेसियों ने किया नमन, पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

इंदिरा जी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया माखन नगर बुधवार को माखन नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा शैलेन्द्र जोशी के निज निवास आवास कॉलोनी में भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी की जयंती मनाई। इस कार्यक्रम में पुष्प अर्पित किए व इंदिरा गांधी को याद किया। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में स्वच्छता के तहत वार्ड की महिला परवीन खान, तरन्नुम खान को डस्टबिन दिए गए इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के उतराधिकारीहे वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र सिंघई, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कुलदीप मिश्रा, रामनारायण सिंह, प्रदीप शर्मा, पं शैलेन्द्र जोशी गुरुजी, रत्नेश बडगूजर, उमेश तिवारी, उमेश तिवारी, अरविंद सोलंकी,कार्तिक वर्मा, प्रदीप जैन, मुकेश चौहान, राजकुमार गुप्ता, अरुण तिवारी, बबलू ठेकेदार, उत्कर्ष आचार्य, आशीष मुराडिया, मुकेश चौहान एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता अधिक संख्या उपस्थित रहे।



### सोहागपुर में भी हुआ आयोजन

सोहागपुर। बुधवार को पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की 108 वी जयंती पर क्षेत्र के कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौधरी, प्रकाश मालवीय, नीरज चौधरी, इरफान खान, देवांशु शर्मा, धर्मदास बेलवंशी, कार्तिक शर्मा, अशोक ठाकुर, प्रतीक तिवारी, अशोक रघुवंशी अन्य उपस्थित रहे।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### पुरुषों में बदनामी का डर और चुप्पी सबसे घातकः डॉ. संदीप गोहे

**बैतूल।** पुरुष मानसिक स्वास्थ्य और अधिकारों पर 12 साल से काम कर रहे मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. संदीप गोहे (संस्थापक एसआईएफ बैतूल) ने इंटरनेशनल मेंस डे पर एनसीआरबी की रिपोर्ट साझा करते हुए बताया कि पिछले पांच साल में 785 विवाहित पुरुष अपनी पत्नी या उसके सहयोगियों द्वारा की गई हिंसा में मारे गए, जिनमें सबसे ज्यादा 198 मामले उत्तर प्रदेश के हैं। हर साल औसतन 275 पति ऐसी घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। द लैंसेट के अनुसार रिश्तों आधारित हत्याएं 10-11 प्रतिशत तक पहुंच गई हैं। डॉ. संदीप गोहे कहते हैं कि कई पुरुष डर, बदनामी और झूठे आरोपों के कारण शिकायत नहीं कर पाते, जो आगे चलकर घातक साबित होता है। वे जेंडर-न्यूट्रल कानून, झूठे मामलों पर कड़ा दंड और पुरुष पीड़ितों के लिए काउंसलिंग व्यवस्था की जरूरत बताते हैं। समाज पुरुषों के संघर्ष और मानसिक स्वास्थ्य पर बात करने से अब भी कतराता है। उन्होंने युवाओं को सलाह दी हैं कि विवाह से पहले स्पष्ट बातचीत करें, व्यवहार पर ध्यान दें, और किसी भी दबाव या धमकी को हल्के में न लें। क्योंकि वैवाहिक संबंधों के भीतर हिंसा का एक कम चर्चित लेकिन तेजी से बढ़ता रूप सामने आ रहा है। डॉ. गोहे कहते हैं कि पीड़ित चाहे महिला हो या पुरुष, न्याय और सुरक्षा का अधिकार सभी को समान मिलना चाहिए।

### कलेक्टर और नपा सीएमओ को दिया ज्ञापन

**बैतूल।** गुणवंत बाबा मंदिर सदर क्षेत्र में प्रस्तावित चिकन, मटन और मछली मार्केट के निर्माण को लेकर आवेदक नाजिद खान ने कलेक्टर और नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मंदिर से उचित दूरी तय करने की मांग की गई है, ताकि धार्मिक श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत न हों। नाजिद खान ने अपने आवेदन में बताया कि गुणवंत बाबा मंदिर के पास मटन और मछली की दुकानें बनाए जाने का प्रस्ताव है, जहां नियमित रूप से श्रद्धालुओं का आवागमन रहता है। उन्होंने कहा कि मार्केट बनने पर मंदिर आने वालों को दुर्गंध और भीड़भाड़ का सामना करना पड़ सकता है, जिससे धार्मिक वातावरण प्रभावित होगा। आवेदक ने मांग की है कि मंदिर की पवित्रता और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मटनझफिश मार्केट को मंदिर से पर्याप्त दूरी पर स्थापित किया जाए। नाजिद खान ने प्रशासन से उचित हस्तक्षेप कर मार्केट निर्माण स्थल को मंदिर से दूर करने का अनुरोध किया है।

### विद्यार्थियों ने किया विंड एनर्जी प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण

**बैतूल।** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय बैतूल के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग शाखा के पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को कुकरूखामला स्थित विंड एनर्जी प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को पवन ऊर्जा उत्पादन की तकनीकी प्रक्रियाओं, उसके संचालन, रखरखाव एवं आधुनिक ऊर्जा प्रबंधन के ज्ञान से अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को विंड टरबाइन की कार्यप्रणाली, ऊर्जा उत्पादन क्षमता, नियंत्रण प्रणाली तथा नवीकरणीय ऊर्जा के महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई।

## शहर के कुएं खाली, सालों से नहीं हुई सफाई

# जलसंकट के समय नगरपालिका को आती है कुओं की याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कुएं का जल संरक्षण के लिए काफी महत्व है, लेकिन शहर के कुएं जागरूकता व देखरेख के अभाव में सूखे हुए है। इन कुंओं की याद नगरपालिका को उस समय ही आती है, जब शहर में भीषण जलसंकट का समय आता है, जबकि इन कुंओं ने 13 साल पहले 2012 में पूरे शहर को जलसंकट से उबारा था, वे आज भी शहर के लिए पानी स्टोरेज करने को तैयार हैं, लेकिन इनमें पानी जाने के रास्ते ही बंद हैं।

नगरपालिका के ध्यान नहीं देने के कारण इतनी, बारिश होने के बावजूद ये कुएं लबालब नहीं हुए। इनमें कचरा तैर रहा है, जिसे साफ करवाने की जरूरत है। बता दे कि 2017 की गर्मियों में जलसंकट के दौरान नगरपालिका ने शहर के 42 कुओं की सफाई करवाई थी, इन्हें पेंट कर इन पर पानी बचाने और पर्यावरण संतुलन के स्लोगन भी लिखे थे। लेकिन अब अधिकांश कुओं में पानी जाने के रास्ते बंद हैं। यदि इनमें पानी जाने के लिए नालियां ही बना दी जाएं तो ये भरा जाएंगे, इससे भूजलस्तर तो बढ़ेगा ही साथ ही जलसंकट गहराने पर इनका पानी जन उपयोग में लिया जा सकेगा।

### नपा की अनदेखी और जागरूकता का अभाव

शहर के कुछ कुओं में जलस्तर अच्छा है लेकिन जागरूकता के अभाव में गंदगी कुएं में बढ़ रही है जिससे कुएं का पानी का उपयोग नहीं हो पा रहा है। लोग कुएं में ही गंदगी फेंक देते हैं। नगरपालिका द्वारा सार्वजनिक कुओं की सफाई नहीं कराई जाती है। जबकि कुछ साल पहले तक शहरवासियों के पानी का मुख्य स्त्रोत कुंए ही रहा करते थे और लोग पीने के अलावा निस्तारी के लिए भी जल का उपयोग करते थे। लेकिन अब यह कुएं देखरेख और जागरूकता के शिकार हो गये है। इसके पीछे कारण यह है कि अब लोग आधुनिक हो गये है। घरों में कुओं की अपेक्षा बोर करवा लिया है। जिससे आसानीपूर्वक पानी मिल जाता है और मेहनत भी ज्यादा नहीं करनी पड़ती है।



### साफ करवाया जाएगा

शहर के जो भी कुएं हैं, उनके आसपास सफाई करवाकर पानी जाने के रास्ते बनवाए जाएंगे। जिन कुओं की दोबारा सफाई की जरूरत होगी, उन्हें साफ करवाया जाएगा।

-सतीश मटसेनिया, सीएमओ, नगरपालिका बैतूल

### शहर के इन क्षेत्रों में सूखे हैं कुंए

जानकार बताते है कि कई साल हले शहर में आधा सैकड़ा से अधिक कुएं हुआ करते थे, लेकिन समय के साथ लोग आधुनिक हो गये। लोगों के घरों में सहूलियत बढ़ती गई और लोगों ने अपने घरों में बोर और हैंडपंप लगवाना शुरू कर दिया। जिसके कारण धीरे-धीरे कुंओं का अस्तित्व कम होने लगा। अभी भी शहर के पुलिस लाइन्स, पीडब्ल्यूडी कार्यालय, सदर नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर के पीछे, सिविल लाइन्स ताप्ती क्लब के समीप के कुएं, मोती वार्ड के अधिकांश कुएं है, जो नगरपालिका की अनदेखी के कारण सूखे हैं। इन कुंओं को पुनर्जीवित किया जाये तो यह आधे से अधिक शहर को पानी दे सकते है, लेकिन इन कुओं को पुनर्जीवित करने न तो नपा और न ही प्रशासन का ध्यान दे रहा है।

### 4 करोड़ लीटर पानी हो सकता है स्टोर

शहर के कुओं की सफाई कर उसमें पानी जाने के लिए रास्ते बनाये जाये तो यह कुंए आधे से अधिक शहर की प्यास बुझा सकते है। जानकार बताते है कि प्रत्येक कुएं में 10 लाख लीटर पानी स्टोर हो सकता है। इस अनुमान से 42 कुओं में 4 करोड़ 20 लाख लीटर पानी स्टोर हो सकता था। बताया गया कि सीमा से सटे गांवों में ही जल संरक्षण के प्रति दिखाई जागरूकता के कारण यहां कुएं लबालब हैं। चिखलार गांव में गर्मियों में ही कुओं के आसपास सोकपिट बनाकर पत्थर डाले गए थे। इन सोकपिट से पाइप बिछाकर कुएं तक डाले गए थे। अब ये कुएं ऊपर तक भर गए हैं।

## बीएलओ दीपक वर्मा का हुआ सम्मान

# आमला विधानसभा का राज्य स्तर पर बढ़ा गौरव




**आमला।** निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत आमला विधानसभा क्षेत्र ने प्रदेश स्तर पर विशेष उपलब्धि हासिल की है। मतदान केन्द्र क्रमांक 256 के बीएलओ दीपक वर्मा शिक्षक एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 160 की बीएलओ सुश्री संगीता पवार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा अपने-अपने मतदान केन्द्रों में सभी मतदाताओं के गणना प्रपत्र प्राप्त कर शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य सबसे पहले पूर्ण कर जिले का नाम रोशन किया। उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें 19 नवंबर को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा भोपाल में आयोजित प्रदेश स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान शॉल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि प्रत्येक विधानसभा में जो बीएलओ सर्वप्रथम कार्य पूर्ण करेंगे, उन्हें राज्य स्तर पर इसी प्रकार आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा। आमला क्षेत्र की इस उपलब्धि पर प्रभारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद ने बीएलओ दीपक वर्मा, बीएलओ सुश्री संगीता पवार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा एसडीएम मुलताई शैलेन्द्र बड़ोनिया और उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए उनके कार्य की सराहना की।

### 3 लाख 90 हजार गणना प्रपत्र मतदाताओं ने किए जमा

जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अन्तर्गत बूथ लेवल आफिसर द्वारा भरे हुये गणना प्रपत्रों को बीएलओ एप के माध्यम से ऑनलाईन डिजिटाइजेशन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। गणना पत्रक के कार्य की प्रगति की सतत समीक्षा प्रभारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षत जैन द्वारा की जा रही है। अब तक करीब 3 लाख 90 हजार गणना प्रपत्र मतदाताओं द्वारा भरकर बीएलओ को जमा करा दिये है।

### 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने की मांग

**बैतूल।** बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाए जाने की मांग की है। इस संबंध में बुधवार को सभी अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव को आवेदन देकर बताया कि सम्पूर्ण देश में संविधान निर्माण के उपलक्ष्य में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जा रहा है। आवेदन के माध्यम से संविधान निर्माण के उपलक्ष्य में 26 नवंबर को बार बैतूल के तत्वाधान में अधिवक्तागणों ने संविधान के सम्मान में सामुहिक रूप से जिला न्यायालय में संविधान दिवस का कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की है।

## दिव्यांग युवक को मिली मोटराइज्ड ट्राई साइकिल की सौगात

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सेवाभाव पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

क्षेत्र के चहुंमुखी विकास, आमजन की समस्याओं का संतुस्टिकारक निराकरण और संगठन को मजबूत करने के साथ ही प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल सेवाभावी कार्यो में सतत जुटे हुए है। क्षेत्र में भ्रमण के दौरान जरूरतमंद और दिव्यांगों को मदद कर उन्हे सशक्त बनाना उनकी प्राथमिकता में शामिल रहता है। गत दिनों बैतूल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बैतूल बाजार मंडल के भ्रमण के दौरान ग्राम सेल गाँव मे दिव्यांग अलकेश साहू ने जब उन्हें दिव्यांगता का हवाला देकर मोटराइज्ड ट्राई साइकिल दिलवाने की गुहार लगाई तो व्यस्ततम दौरे के बावजूद श्री खण्डेलवाल ने मोबाइल पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग बैतूल की उपसंचालक से सम्पर्क कर अलकेश साहू को मोटराइज्ड



ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल की संवेदनशील पहल पर अलकेश साहू को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल की सौगात मिल गई। बीते लगभग तीन वर्षो से बिस्तर पर रहने वाला अलेकश अब गॉव भर में घूमने लगा है। जिससे उसके चहरे पर लौटी मुस्कान नें उसे आत्मविश्वास से भर दिया है। साथ ही उसका जीवन भी आसान हो गया।

### तीन वर्षो से बिस्तर पर था अलकेश

सेलगांव निवासी अलकेश साहू (34) वर्ष ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व हुए एक्सीडेंट में गंभीर चोट आनें से उसका चलना फिरना मुश्किल हो गया था। फिर भी वह हिम्मत करके अपने दैनिक कार्य करनें के साथ ही लकडी के सहारे चल फिर लेता था। अलकेश के मुताबिक बीते लगभग तीन वर्ष पूर्व उसके कमर के नीचे का हिस्सा अचानक निर्षक्रिय हो गया था। उपचार के बाद भी स्थिती मे कोई सुधार नहीं आया। परिणाम स्वरूप बीते तीन वर्षो से वह बिस्तर पर ही रहता था। परिवार की मदद से वह दैनिक कार्य करता था। बिस्तर पर आने से अलकेश साहू का दुकान जाना भी बंद हो गया था। जिससे वह दिव्यांगता के साथ बेरोजगारी का दंश झेल रहा था।

### पीएम किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

**बैतूल।** प्रधानमंत्री द्वारा पीएम किसान उत्सव दिवस मनाते हुए किसानों के लिए आज पीएम सम्मान निधि की 21 वी किश्त जारी की गई। इस अवसर पर जिले के सीएससी केंद्रों पर पीएम सम्मान निधि के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किसानों को दिखाया गया। जिला प्रबंधक सीएससी कमलेश रघुवंशी द्वारा 150 ग्राम पंचायत पर सभी सीएससी सेंटर पर किसानों को लाइव प्रोग्राम दिखाया। सीएससी केंद्रों मे डीजीपे के माध्यम से राशि निकासी की सुविधा उपलब्ध होने पर किसानों द्वारा पैसे भी निकाले गए। सीएससी द्वारा केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित जन हितैषी सेवाओ का संचालन जैसे आधार केंद्र, बैंक कीओस्क, टेली लॉ सर्विस, आयुष्मान, पी.एम.विश्वकर्मा योजना, पी. एम. किसान के ई-केवायसी, समग्र ई-केवायसी, बैंकिंग सेवाए, बीमा सेवाए आदि कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से प्रत्येक ग्राम एवं शहरी क्षेत्रो में प्रदान किया जा रहा है।

## राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया

# आरडी स्कूल की प्रतिष्ठा और आशुतोष ने राज्य स्तर पर लहराया परचम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

क्वालिटी एजुकेशन में अग्रणी उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान आर.डी. पब्लिक स्कूल बैतूल के मेधावी विद्यार्थियों प्रतिष्ठा सिंह और आशुतोष सिंह ने राज्य स्तर पर सफलता का परचम लहरा कर बैतूल जिले को गर्वित किया है। नेहरू युवा केन्द्र द्वारा टीटी नगर स्टेडियम भोपाल में 17 एवं 18 नवम्बर को आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में आरडी पब्लिक स्कूल बैतूल की कक्षा 12वीं की छात्रा कुमारी प्रतिष्ठा सिंह ठाकुर एवं उनके भाई कक्षा 9वीं के छात्र आशुतोष सिंह के विज्ञान मॉडलों ने राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस उत्कृष्ट सफलता के लिए मप्र. के खेल, युवा कल्याण एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग सहित अन्य अतिथियों ने प्रतिष्ठा सिंह और आशुतोष सिंह को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। राज्य स्तर पर बैतूल जिले का नाम रौशन करने वाले प्रतिभावान भाई-बहन को आरडी पब्लिक स्कूल बैतूल की डायरेक्टर श्रीमती ऋतु खण्डेलवाल, प्राचार्य सहित शिक्षकों ने शुभकामनाएं देकर उनका हौसला बढ़ाया है। नेहरू युवा केन्द्र द्वारा टीटी नगर स्टेडियम भोपाल में 15 से 19 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागियों के लिए आयोजित राज्यस्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में सबसे कम उम्र के प्रतिभागी बहन-भाई प्रतिष्ठा और आशुतोष सिंह द्वारा ग्रीन एनर्जी एवं आपदा प्रबंधन की थीम पर बनाए गए मॉडल ने प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। उक्त दोनों प्रतिभावान विद्यार्थियों की उत्कृष्ट सफलता के लिए म.प्र. के खेल-युवा कल्याण एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने उन्हे पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

### बच्चों के समन्वित विकास पर हमारा फोकसः ऋतु खंडेलवाल

आरडी पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती ऋतु खण्डेलवाल ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता का परचम लहराने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतिष्ठा और आशुतोष ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में अपनी प्रतिभा और परिश्रम से उत्कृष्ट सफलता हासिल कर विद्यालय सहित समूचे जिले को गौरवान्वित किया है।

इतनी कम उम्र में विज्ञान के क्षेत्र में राज्य स्तर पर बडी उपलब्धि हासिल करना अत्यंत प्रशंसनीय है। विद्यालय परिवार को दोनो बच्चों पर गर्व है। डायरेक्टर श्रीमती खण्डेलवाल ने कहा कि हमारा फोकस बच्चों के समन्वित विकास पर रहता है। स्कूली पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ बच्चों के भविष्य निर्माण के लिए उनकी अभिरुचि के मुताबिक खेल, कला, साहित्य, विज्ञान, तकनीकी, रिसर्च सहित अन्य क्षेत्रों में उन्हें पारंगत किया जाता है।

## 29 ब्लॉक प्रभारियों की सूची की गई जारी

# कांग्रेस ने बैतूल जिले के सभी ब्लॉकों में नियुक्त किए प्रभारी

**बैतूल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश और जिला प्रभारी सुनील उईके की सहमति से कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय विनोद डागा ने बैतूल जिले के ब्लॉक और उपब्लॉक प्रभारियों की सूची जारी की है। पूरे जिले में कुल 29 ब्लॉक और उपब्लॉक के लिए बूथ संख्या सहित प्रभारियों की नई नियुक्तियां की गई हैं, जिससे संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का लक्ष्य रखा गया है। बैतूल ब्लॉक में 150 बूथों के लिए राहुल पटेल, बैतूल ब्लॉक शहर के 91 बूथों के लिए अजीत पटेल, आठनेर ब्लॉक के 40 बूथों के लिए कमलाकर बारस्कर, आठनेर नगर के 8 बूथों के लिए धर्मेन्द्र खाकरे, बैतूल बाजार नगर के 10 बूथों के लिए सुभाष पांडे, भैंसदेही ब्लॉक के 138 बूथों के लिए डॉ प्रमोद खांडवे, भैंसदेही नगर के 9 बूथों के लिए पुरुषोत्तम तिवारी, भीमपुर ब्लॉक के 102 बूथों के लिए सुभाष यादव, दामजीपुरा उपब्लॉक के 42 बूथों के लिए संतोष बटनू पटेल, हिड़ली उपब्लॉक के 56 बूथों के लिए प्रशांत वागद्रे, घोड़ाडोंगरी ब्लॉक के 36 बूथों के लिए हितेश निरापुरे, घोड़ाडोंगरी के 8 बूथों के लिए मिथलेश सिंह, शाहपुर ब्लॉक के 74 बूथों के लिए भजन शाह, शाहपुर नगर के 11 बूथों के लिए मनोज बडोनिया, भौरा उपब्लॉक के 42 बूथों के लिए पहलवान सिंह ठाकुर, चोपना उपब्लॉक के 56 बूथों के लिए सुरेंद्र सिंह राजपूत, पाढर उपब्लॉक के 40 बूथों के लिए लोकेश पगारिया, चिचोली ब्लॉक के 99 बूथों के लिए महेश उइके, चिचोली नगर के 9 बूथों के लिए नवनीत आर्य, आमला ब्लॉक के 65 बूथों के लिए नारायण सरले, आमला नगर के 26 बूथों के लिए प्रशांत राजपूत, बोरदेही उपब्लॉक के 88 बूथों के लिए महेन्द्र भारती, सारणी ब्लॉक के 67 बूथों के लिए हर्षवर्धन धोटे, सारणी ग्रामीण के 30 बूथों के लिए विजय पारधी, मुलताई ब्लॉक के 62 बूथों के लिए अनुराग मिश्रा, मुलताई नगर के 28 बूथों के लिए पिंटीश नागले, दुनावा उपब्लॉक के 75 बूथों के लिए प्रदीप कोकाटे, प्र. प. पट्टन ब्लॉक के 64 बूथों के लिए मनोज मालवे और मासोद उपब्लॉक के 67 बूथों के लिए तिरुपति कनकैय्या को प्रभारी बनाया गया है।

# पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त के हस्तांतरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कृषि विज्ञान केन्द्र बैतूल द्वारा 19 नवम्बर को पीएम किसान सम्मान निधि की 21 वीं किस्त के हस्तांतरण कार्यक्रम का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे एवं विशिष्ट अतिथि महेश्वर सिंह चंदेल, प्रमोद राठौड़, सरपंच मिलानपुर मुकुंद मोखेडे उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सजीव उद्बोधन प्रसारित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा किसान सम्मान निधि की 21 वीं किस्त का हस्तांतरण लाभार्थी कृषकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से किया गया। प्रधानमंत्री जी ने अपने उद्बोधन में प्राकृतिक खेती को ज्यादा से ज्यादा किसान द्वारा अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन वैज्ञानिक डॉ. संजीव वर्मा द्वारा एवं आभार श्रीमती मेघा तिवारी द्वारा व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर नायब तहसीलदार श्याम सिंह उइके, सहायक संचालक कृषि दीपक सरियाम, सहायक कृषि यंत्री डॉ. प्रमोद कुमार मीणा, प्राचार्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केन्द्र श्री सीएस चौधरी, कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख डॉ. केव्ही सहारे एवं वैज्ञानिक आरडी बारपेटे, डॉ. एसके तिवारी, डॉ. संजय जैन, डॉ. एमपी इंगले, नेपाल बारस्कर, सौरभ मकवाना, आरएस यादव 138 कृषक, 152 महिला कृषक सहित कुल 358 प्रतिभागी उपस्थित हुए।

In The Court Of I Civil Judge, Senior Division and Chief Judicial Magistrate, District Court, Betul

Presiding Officer: श्रीमती संगीता भारती राठौर
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC 0000043/2025)
अंजली उइके .......... आवेदक
Vs
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया............ अनावेदक
Process Id-/2025
पेशी दिनांक : 28/11/2025
प्रेषिती-
(1) सर्वसाधारण पता- बैतूल
(2) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंजली उइके पता ने मृतक मालती बाई निवासी नहरपुर मलाजपुर कि राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दि. 28 नवंबर 2025 को नियत है। यह कि वादीगण की माता दिनांक 18-07-2025 को अपने देवर अखिलेश के साथ सीटी 100 मोटर साईकल से अपने गांव नहरपुर मलाजपुर से चण्डी दरबार दर्शन करने गये थे, वापस आते समय मृतक अखिलेश अपनी बड़ी भाभी मृतिका मालती को अपनी मोटर साईकल पर पीछे की सीट पर बैठाकर अपने घर वापस आ रहे थे, कि चण्डीजोड सनराईज ढाबे के सामने एनएच 47 मेन हाईवे, हर्रावाडी रोड के पास शाम के करीब 4.30 बजे पहुंचे थे कि सामने से ट्रक क्र.- एमपी 09, एमएच 1215 को बडी तेजी एव लापरवाहीपूर्वक चलाकर लाया और मोटर साईकल को टक्कर मार दी, उक्त घटना में आवेदिका क्र. 1 से 6 की माता मालती बाई को खो दिया। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को, उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो, अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो, तो पेशी दि. 28 नवंबर 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे, तो प्रकरण की सुनवायी एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
न्यायाधीश श्रीमती संगीता भारती राठौर
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश,
वरिष्ठ खंड बैतूल जिला बैतूल (म.प्र.)

## लेहदा-पौनीगोला में किसानों ने सुपर सीडर मशीन से की गेहूं की बोनी



**बैतूल।** मुलताई विकासखंड के ग्राम लेहदा में बुधवार को कृषक वासुदेव धोटे एवं विकास भोपते के खेत में सुपर सीडर मशीन द्वारा गेहूं की बोनी की गई। किसानों ने गेहूं की वैरायटी श्रीराम-14 का उपयोग किया, जो 110 दिन में तैयार होने वाली फसल है। इसके साथ ही ग्राम पौनीगोला में भी किसान के खेत में सुपर सीडर मशीन द्वारा गेहूं की बोनी की गई। सहायक कृषि यंत्री बैतूल डॉ. प्रमोद मीना ने बताया कि सुपर सीडर मशीन नरवाई प्रबंधन में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रही है। यह एक ही बार में जुताई, बुवाई और बीज ढकने का कार्य कर देती है, जिससे समय, श्रम और लागत तीनों की बचत होती है तथा मिट्टी में नमी संरक्षण भी बना रहता है। मशीन फसल अवशेषों को बारीक काटकर मिट्टी में मिला देती है, जिससे पराली जलाने की जरूरत खत्म होती है और भूमि की उर्वरता में वृद्धि होती है। साथ ही उर्वरक व बीज की संयुक्त रूप से बुवाई की क्षमता होने से किसानों की उत्पादकता और आय में भी इजाफा होता है। वर्तमान में सुपर सीडर/हैप्पी सीडर के लिए आवेदन ऑन डिमांड चल रहा है।

## 10 फिट ऊंची और 10 क्विंटल वजन की मूर्ति बनी आकर्षण का केन्द्र

# धरती आबा बिरसा मुंडा की मूर्ति ग्राम कड़ाई पहुंची

**बैतूल।** भारत भारती संस्थान समीप कढ़ाई में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पहुंची जहां ग्रामीणों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ मूर्ति का पूजन किया। इस मूर्ति को बैतूल के ही बेटे ने डॉ.कीर्ति सिंह ने तराशा है। बैतूल निवासी प्रख्यात चित्रकार एवं मूर्तिकार डॉ.सिंह वर्तमान में शासकीय गीतांजलि कन्या महाविद्यालय भोपाल में फाइन आर्ट डिपार्टमेंट के सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं। उन्होने बताया कि मूर्ति की ऊंचाई 10 फिट एवं वजन 10 क्विंटल है। कीर्ति ने मूर्ति कों अनोखे अंदाज में बनाया है। जिसमें भगवान बिरसा मुंडा के हाथों में पेड़ों को बचाने का संकेत दिया है। क्योंकि हमारे महान नायक जल, जंगल, जमीन और पर्यावरण से जुड़े हुए थे। डॉ.सिंह ने बताया कि सरपंच पुष्पा झरबड़े, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ.सुखदेव डोंगरे और एसएल मर्सकोले के सहयोग के बिना यह प्रोजेक्ट करना मुश्किल था। उल्लेखनीय है कि डॉ.कीर्ति सिंह को देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी अनेक अवार्ड मिल चुके हैं। वर्तमान में डॉ.कीर्ति और भी स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीदों की मूर्तियां एवं पेंटिंग तैयार कर रहें हैं।



**संक्षेप खबर**

## माखननगर में भगवान विरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई गई

**माखन नगर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद माखन नगर की सीएमसीएलडीपी की कक्षा में जनजातीय गौरव दिवस के अंतर्गत भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संभाग समन्वयक कौशलेश तिवारी ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा अल्पायु में ही वे देश की स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बन गए थे। उनके जीवन से हमें प्रेरणा लेकर कार्य करने की आवश्यकता है। जिला समन्वयक पवन सहगल द्वारा बताया गया कि कैसे विषम परिस्थितियों में अंग्रेजों के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए भगवान बिरसा मुंडा ने संघर्ष किया एवं उन्हें धरती आवा के नाम से भी जाना गया। विकासखण्ड समन्वयक नरेंद्र देशमुख ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। मण्डल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी द्वारा बताया गया कि भगवान बिरसा मुंडा चमत्कारिक नेतृत्व की धनी थे और अपनी बात समुदाय में बड़ी बेबाकी और नेतृत्व क्षमता के साथ रखते थे जिससे लोग जुड़ते गए और उनके पीछे समुदाय का एक बड़ा काफिला तैयार होता गया। कार्यक्रम का संचालन हर्ष तिवारी द्वारा किया गया।

### शहर के तीन वार्डों व एक दर्जन से अधिक गांवों के बाशिंदे

# नाली खोदकर सड़क किनारे ही पटकी मिट्टी, जमा हुआ कीचड़, फिसल रहे वाहन

रेस्ट हाउस से लगे ग्रामीण क्षेत्र के मुख्य मार्ग किनारे नाली खोदकर मिट्टी सड़क पर फेंकने से आवाजाही बाधित है। नागरिकों के अनुसार जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को समस्या की सूचना दी, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। नागरिकों का कहना है कि सड़क को क्षति से बचाना अच्छी बात है, लेकिन नागरिकों की क्षति ना हो, यह ध्यान भी रखा जाए।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में लोनिवि रेस्ट हाउस से लगे ग्रामीण क्षेत्र के मुख्य मार्ग किनारे नाली खोदकर मिट्टी सड़क पर फेंकने से आवाजाही बाधित है। रास्ते से जुड़े गांवों के बाशिंदों ने बताया कि सड़क किनारे गहरी नाली खोदकर मिट्टी दूसरी ओर फेंकी गई है। जिससे मार्ग संकरा हो गया है तथा आवाजाही बाधित हो रही है। नागरिकों के अनुसार जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को समस्या की सूचना दी, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

### जमा हुआ कीचड़

मार्ग से कच्ची नालियां जुड़ी हैं, जिनका गंदा पानी मिट्टी को कीचड़ में बदल रहा है व वाहन फिसल रहे हैं। दो दिन में कई वाहन सड़क पर फैले कीचड़ से फिसले हैं। बाइक चालक मजबूरी में रेलवे लाइन के समीप का रास्ता अपना रहे हैं, और यह घातक हो सकता है। नागरिकों के अनुसार संबंधित मार्ग से नगर के शास्त्री वार्ड, इंदिरा वार्ड तथा तिलक वार्ड जुड़े हैं। नयागांव, डूंडाखापा, डूंडादेह, सिंगवाड़ा, नया कूकरा, कामती, श्री रंगपुर, सियारखेड़ा, छेड़का, बिछुआ, टेकापार, सारंगपुर, गोहनादेह माल व रैयत, सिटियागोहना, गौंड़ीखेड़ी माल, टूराखापा, रेंगाखेड़ा, सेहरा ग्रामों की राहें भी सड़क से ही जुड़ी हैं। जहां के हजारों नागरिक दो दिन से परेशान हैं।

### पता नहीं किसने खोदा मार्ग

हरिभूमि प्रतिनिधि ने गत दिवस सोहागपुर नप से जानकारी प्राप्त की तो ज्ञात हुआ कि नप ने मार्ग नहीं खोदा है। यद्यपि नपकर्मियों ने संभावना जताई कि मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण ने यह खुदाई की होगी। क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र के 200 से अधिक आबादी वाले रास्तों के किनारे नाली बनाने का कार्य प्राधिकरण ही करता है। ताकि सड़क को कोई क्षति न हो। इधर नागरिकों का कहना है कि सड़क को क्षति से बचाना अच्छी बात है, लेकिन नागरिकों की क्षति न हो, यह ध्यान भी रखा जाए।

## बाजार में चोरी का प्रयास विफल अर्जुन की बहादुरी से भागे चोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के मुख्य बाजार स्थित शीतला माता मंदिर के पास बीती रात अज्ञात चोरों का एक बड़ा प्रयास स्थानीय निवासी अर्जुन गांधी की बहादुरी और तत्परता के कारण विफल हो गया। अर्जुन गांधी की सूझबूझ से इलाके में होने वाली एक संभावित चोरी की वारदात टल गई।

**संदिग्ध हरकतों पर पडी**

यह घटना देर रात की है जब कुछ अज्ञात चोर चोरी की फिराक में मुख्य बाजार इलाके में घूम रहे थे। तभी स्थानीय निवासी अर्जुन गांधी की उन संदिग्ध व्यक्तियों पर नज़र पड़ी। अर्जुन गांधी ने बताया, "मैंने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को इलाके में घूमते देखा, जिनकी हरकतें ठीक नहीं लग रही थीं। जब मैं उनकी तरफ बढ़ा और आवाज़ लगाई, तो वे तुरंत घबरा गए और मौके से भाग खड़े हुए।" अर्जुन गांधी की इस तत्परता के चलते चोर अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके।

**नागरिकों ने की कड़ी कार्रवाई की मांग**

इस घटना के बाद मुख्य बाजार और मंदिर परिसर के आसपास रहने वाले लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय निवासियों ने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और अज्ञात चोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।चोरों की कथित तस्वीरें (जो स्थानीय लोगों ने साझा की हैं) सामने आने के बाद, पुलिस से आग्रह किया गया है कि इन अज्ञात चोरों की पहचान कर उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए, ताकि इलाके में सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। पुलिस प्रशासन से अनुरोध है कि वे मुख्य बाजार और मंदिर परिसर के आसपास गश्त बढ़ाएं और जल्द से जल्द आरोपियों की धरपकड़ करें।

## कच्ची सड़क से थी परेशानी, किसानों ने दी खेत में से जमीन, प्रशासन से निर्माण की गुहार

**बुधवार को राजस्व प्रशासनिक अमले ने खेतों का किया सीमांकन व लेआउट डाला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



रामपुर, दमदम, कांदई एवं झिरमऊ ग्रामीण क्षेत्रों में आने वाली खेती की जमीन में से किसानों से अपनी जमीन सड़क निर्माण के लिए प्रदान की है। बुधवार को राजस्व प्रशासनिक अमले ने मौके पर पहुंचकर निर्माण होने वाली सड़क के दायरे में आ रहे खेतों का बराबरी से सीमांकन किया एवं लेआउट डाला।

जिन कृषि भी मालिकों ने सड़क के लिए स्थान दिया है उनमें किसान सीताराम सराठे चांदोंन, रिटायर्ड एसडीओपी उमेश द्विवेदी, रामेश्वर, जमना प्रसाद राय, परसराम राय, सुधीर चौधरी, बसंत गालर, राजेंद्र ठाकुर, घनश्याम चौरे, पप्पू चौरे, राजकुमार परसराम सराठे, दिलीप सराठे आदि शामिल है। संबंधित किसानों ने बताया कि कच्चे एवं ऊबड़ खाबड़ रस्ते से बहुत परेशानी होती है। खेतों में बखरनी, बोनी, खाद बीज ले जाने में और आखिर में कटाई में काफी परेशानियां झेलनी पड़ती है।

अब सभी किसान संगठित होकर अपनी खेती में से जमीन दे रहे हैं। संबंधित किसानों ने प्रशासन एवं क्षेत्रीय सांसद विधायक से आग्रह किया है कि ग्राम सड़क योजना में शामिल करके उक्त सड़क का निर्माण कार्य जल्द से जल्द करवाएं। इस अवसर पर आरआई तोप सिंह राजपूत, तीनों ग्राम पंचायत के पटवारी, ग्राम कोटवार सहित सम्बंधित कृषि भूमि के किसान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## महात्मा गांधी कॉलेज में हुआ उद्यमिता दिवस का आयोजन

**महिलाओं को सशक्त बनाने की एक पहल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता की अध्यक्षता में महिला उद्यमिता दिवस का आयोजन किया गया। महिला उद्यमी, बुटीक संचालिका तथा साजसज्जा सामग्री निर्माता अर्चना मीणा एवं एनजीओ मानव कल्याण केंद्र के संचालक अजय मंजारिया विशेष रूप से उद्यमिता पर प्रकाश डालने हेतु आमंत्रित थे।

इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ मेहता ने कहा कि उद्यमी बनने के लिए विद्यार्थी जीवन से ही अपने दृष्टिकोण को इस दिशा में लाते हुए छोटे छोटे उद्यमों में एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण में रूचि लेना चाहिए। उन्होंने महाविद्यालय में संचालित इंटर्नशिप एवं अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का जिक्र किया। अंग्रेजी का एक वाक्य का उद्धरण करते हुए उन्होंने कहा कि एक महिला को सशक्त करने से एक समूह सशक्त होता है जबकि उसी महिला के हाथ में साधन रूपी सभी उपकरण प्राप्त होने से वह एक साम्राज्य स्थापित करने की काबिलियत रखती है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ पवन कुमार अग्रवाल ने किया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में डा मनीष कुमार चौरे, डा बसा सत्य नारायण एवं श्री कार्तिकेय पटेल ने विशेष भूमिका निभाई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अतिरिक्त शैक्षणिक स्टाफ से डा आशुतोष मालवीय, डा दुर्गेश लस्गरिया, अभिनव, मोनिका साहू, भारती सिंह आदि उपस्थित थे।

## श्री गुरुतेग बहादुर साहब के 350वें शहीदी दिवस पर गुरुद्वारा इटारसी में विशेष आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

'हिन्द की चादर' के नाम से विख्यात श्री गुरु तेग बहादुर साहब जी महाराज का 350वां सालाना शहीदी दिवस गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा, इटारसी में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। गुरु तेग बहादुर साहब ने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए मुगल शासकों के अत्याचारों के सामने न झुकते हुए दिल्ली के चांदनी चौक पर अपनी शहादत दी थी। उनके त्याग, बलिदान, शांति और मानवता के प्रतीक स्वरूप इस अवसर पर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया जा रहा है। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के प्रधान जसवीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि शहीदी पर्व को समर्पित यह कार्यक्रम 20 नवंबर से 25 नवंबर तक प्रतिदिन आयोजित किया जाएगा।

**श्री गुरु तेग बहादुर साहब के 350वें शहीदी दिवस पर प्रमुख कार्यक्रम**

20 नवंबर सिख समाज के बच्चों द्वारा रैली का आयोजन। प्रतिदिन (20-25 नवंबर): गुरुद्वारे में पाठ साहिब, हजूरी रागी जत्था द्वारा कीर्तन, और नौवें महाला का पाठ किया जाएगा।

**23 और 24 नवंबर:** पंजाब से आ रहे कथावाचक भाई सर्वजीत सिंह धुंदा संगत को गुरु तेग बहादुर साहब जी के इतिहास, शहादत और कुर्बानी के बारे में कथा सुनाएंगे।

**23 नवम्बर:** अखंड साहिब पाठ आरंभ होगा।

**24 नवंबर:** भव्य नगर कीर्तन निकाला जाएगा, जो गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा स्टेशन रोड से शुरू होकर जयस्तंभ, सराफा बाजार, भारत टॉकीज, सिंधी कॉलोनी, सूरजगंज चौक, मालवीयगंज, चामुंडा चौक, जनता टॉकीज और रेस्ट हाउस से होते हुए गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में समाप्त होगा। समापन के उपरांत कीर्तन दरबार एवं गुरु का लंगर होगा।



**25 नवंबर:** सुबह 9 बजे अखंड साहिब पाठ की समाप्ति (भोग) होगी। इसके बाद रागी जत्था द्वारा कीर्तन दरबार, कथा और दोपहर में गुरु का अटूट लंगर बरसेगा।अत्याचार और अन्याय के सामने न झुकने की उनकी शिक्षाएं आज भी हमें प्रेरित करती हैं। समूह साध संगत से अनुरोध किया गया है कि वे सभी कार्यक्रमों में पहुंचकर गुरुघर की खुशियां प्राप्त करें।

## स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन ने मंडल प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



आल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन भोपाल मंडल के पदाधिकारियों ने बुधवार को मंडल रेल प्रबंधक से मुलाकात कर उन्हें स्टेशन मास्टरों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

एसोसिएशन ने मुख्य रूप से ड्यूटी के घंटों और कार्यबल से जुड़ी समस्याओं पर ज़ोर दिया। ज्ञापन में स्टेशन मास्टर्स द्वारा सामना की जा रही प्रमुख समस्याओं को रखा गया, जिन पर मंडल रेल प्रबंधक ने ध्यान देने का आश्वासन दिया है। स्टेशन मास्टरों की 12 घंटे की ड्यूटी को समाप्त कर उसे 8 घंटे करने की मांग की गई है, ताकि उन्हें पर्याप्त विश्राम मिल सके और कार्यक्षमता बनी रहे। सप्ताह में लगातार सात रात्रि ड्यूटी के प्रावधान को कम करके केवल चार रात्रि ड्यूटी करने का अनुरोध किया गया है। नई बिछाई गई तीसरी लाइन पर पड़ने वाले स्टेशनों पर पर्याप्त कार्यबल सुनिश्चित करने हेतु कम से कम दो स्टेशन मास्टर को पदस्थ करने की मांग की गई है।

उनकी सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

## इटारसी में रोजगार मेले से 74 युवतियों को मिला रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्थानीय युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से, वर्धमान फैब्रिक्स, बुधनी और नगर पालिका परिषद इटारसी के संयुक्त सहयोग से मंगलवार को एक भव्य रोजगार मेला सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस पहल के माध्यम से, कंपनी ने 74 योग्य युवतियों को रोजगार देकर उनकी प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।




मेले का शुभारंभ विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे और स्वास्थ्य समिति के सभापति राकेश जाधव की उपस्थिति भी रही। वर्धमान फैब्रिक्स, बुधनी के एचआर आईआर विभाग का प्रतिनिधित्व अजय मालवीय ने अपनी टीम के साथ किया, जिसमें आरपी शर्मा, अमित त्रिपाठी, संतोष मालवीय, नम्रता दास, और भाव्या खरे शामिल थे।

इस अवसर पर विधायक डॉ. शर्मा ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा, वर्धमान फैब्रिक्स जैसा उद्योग आगे बढ़कर क्षेत्र की बेटियों को रोजगार दे रहा है, यह समाज के लिए सौभाग्य की बात है। नपाध्यक्ष चौरे ने कंपनी के इस प्रयास का स्वागत करते हुए कहा, जब बेटियां आत्मनिर्भर बनती हैं, तब पूरे परिवार की प्रगति सुनिश्चित होती है। वर्धमान फैब्रिक्स का यह प्रयास समाज और शहर के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा।"

मेले में कुल 161 युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें से 74 युवतियों का प्रारंभिक चयन किया गया। 42 चयनित युवतियों को कंपनी द्वारा बस से बुधनी रवाना किया जाएगा। 32 युवतियां कंपनी के हॉस्टल में रहकर कार्य करेंगी। वर्धमान के अजय मालवीय ने बताया कि चयनित युवतियों को 19 नवंबर, सुबह 9 बजे कंपनी में रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है। यहाँ उनकी जॉइनिंग की औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी और कंपनी का भ्रमण कराया जाएगा।

**आकर्षक वेतन और अप्रेंटिसशिप**

चयनित युवतियों को शुरू में 3 माह की अप्रेंटिसशिप प्रदान की जाएगी। इसके उपरांत, उनकी योग्यता और कार्य कुशलता के आधार पर उन्हें नियमित नौकरी दी जाएगी। कंपनी द्वारा प्रारंभिक मासिक वेतन 12,125 रुपये निर्धारित किया गया है। शेष युवतियां आवश्यक दस्तावेज और आयु मानकों को पूरा न कर पाने के कारण चयन से वंचित रहीं।

## लिवर फाइब्रोस्कैन जांच शिविर आज लगाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

लिवर की जांच फाइब्रोस्कैन मशीन से, अपने ही शहर में अत्यंत कम दर पर कराने का बेहतर मौका है, 20 नवम्बर गुरूवार को, सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक। इससे फैटी लिवर की स्थिति का पता चलता है और समय पर उपचार कराया जा सकता है।

फाइब्रोस्कैन एक अल्ट्रासाउंड-आधारित परीक्षण है जो यकृत की कठोरता और वसा की मात्रा को मापता है। यह लीवर में क्षति, जैसे कि फाइब्रोसिस या सिरोसिस के स्तर का पता लगाने में मदद करता है। यह प्रक्रिया दर्द रहित होती है और यकृत बायोप्सी का एक सुरक्षित और सुविधाजनक विकल्प प्रदान करती है।



इस शिविर में लिवर की जांच के साथ ही HbA1C, लिपिड प्रोफाइल, थायरॉयड प्रोफाइल, यूरिक एसिड की भी जांच की जाएगी। डॉ. ताविश अरोरा ने बताया कि लिवर में फैट जमा होने की संभावना उन लोगों में अधिक होती है जिनमें मोटापा, डायबिटीज या ब्लड में कोलेस्ट्रोल की मात्रा ज्यादा हो। इसकी जांच पांच हजार रुपए में होती है, जो शिविर में केवल पांच सौ रुपए में होगी।

## रेलवे कॉलोनी क्षेत्र में गंदगी पर सभापति राकेश जाधव ने तत्काल दिया समाधान का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



स्टेशन क्षेत्र के निकट 12 बंगला कॉलोनी केयर के सदस्य अर्जुन उटवार ने बुधवार को नगर पालिका सभापति राकेश जाधव के साथ क्षेत्र का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण मुख्य रूप से ठंडी पुलिया और जीआरपी थाने के पास नगर पालिका द्वारा सड़क किनारे और थाने के समीप फेंके जा रहे सड़े-गले कचरे के ढेर के संबंध में था।

**कचरे से बढ़ी आवागमन की समस्या**

उटवार ने सभापति जाधव को अवगत कराया कि रोड किनारे और जीआरपी थाने के पास कचरा फेंके जाने के कारण वहां जानवरों का बड़ा झुंड जमा हो जाता है। इससे क्षेत्र से गुजरने वाले रेलवे कर्मचारियों और आम नागरिकों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**सभापति ने दिया त्वरित आश्वासन**

सभापति राकेश जाधव ने तुरंत ही इस पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद नगर पालिका के सफाई मुकदम (सुपरवाइज़र) को सख्त निर्देश दिए कि "इस स्थान पर कचरा बिल्कुल न फेंका जाए। आप अपनी कचरा निस्तारण की व्यवस्था दो दिनों के भीतर किसी अन्य स्थान पर सुनिश्चित करें, ताकि यहाँ से निकलने वाले रेल कर्मचारी एवं आम व्यक्ति को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कॉलोनी केयर सदस्य अर्जुन उटवार द्वारा उठाए गए इस कदम और सभापति राकेश जाधव द्वारा दिए गए त्वरित समाधान के आश्वासन से स्थानीय लोगों को जल्द ही इस समस्या से निजात मिलने की उम्मीद है।

## विधानक निधि से बन रही सड़क का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने पार्षद कुंदन गौर के साथ वार्ड क्रमांक 26 के भगतसिंह नगर में विधायक निधि से निर्माणाधीन सड़क कार्य का स्थल निरीक्षण किया। यह सड़क लगभग 147 मीटर लंबाई की है, जिस पर 12 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य जारी है। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर चल रहे कार्य की प्रगति, उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता और सड़क की मोटाई सहित अन्य तकनीकी बिंदुओं की जानकारी ली। उन्होंने इंजीनियरिंग टीम और ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो और सड़क का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप ही किया जाए।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने शहर के इंदिरा चौक पर इंदिरा गांधी की जयंती पर की श्रद्धांजलि अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार को नर्मदापुरम के इंदिरा चौक पर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



**पांडेय ने बताया 'अवतारी' नेता:** इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवाकांत 'गुड्डन' पांडेय ने उपस्थित कांग्रेसियों को संबोधित किया। उन्होंने स्वर्गीय इंदिरा गांधी के व्यक्तित्व और देश के प्रति उनके योगदान को कवितात्मक रूप में व्यक्त करते हुए कहा कि, स्वर्गीय इंदिरा गांधी ज्ञान शक्ति में रही ब्राह्मणी, साहस में क्षत्राणी थी। सिंह वाहिनी दुर्गा थी वह, मनुज नहीं अवतारी थी। भारत के हर जनता की, अरमान इंदिरा गांधी थी। प्रिय राष्ट्र बांसुरी की सुंदर, मृदुतान इंदिरा गांधी थी। गई इंदिरा अमर लोक पर, नाम अमर हो जाएगा।

**देश के लिए दे दी जान**

जिलाध्यक्ष पांडेय ने आगे कहा कि देश में इंदिरा गांधी जैसा प्रधानमंत्री अभी तक नहीं हुआ। उन्होंने देश की एकता और प्रगति के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान (जान दे दी)। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी का नाम हमेशा अमर रहेगा। इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने उनकी राष्ट्र सेवाओं को याद किया।

## खबर संक्षेप



### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि खाते में आई

**हरदा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु के कोयंबटूर से पी.एम. किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं क़िस्त की राशि किसानों के खाते में ऑनलाइन अंतरित की। हरदा में जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपसंचालक किसान कल्याण जे. एल. कास्दे, अधीक्षक भू-अभिलेख एस.के. मडण्लोई सहित अधिकारी कर्मचारी एवं किसान उपस्थित थे। इस दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से कोयंबटूर में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया। अधीक्षक भू-अभिलेख एस.के. मडण्लोई ने बताया कि हरदा जिले के 59769 किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत दो-दो हजार रुपये की राशि ट्रांसफर की गई। इनमें हरदा तहसील के 10865, खिरकिया तहसील के 9484, टिमरनी तहसील के 9381, रहटगांव तहसील के 11799, सिराली तहसील के 9876 और हंडिया तहसील के 7843 तथा शहरी क्षेत्र के 521 किसान शामिल हैं।

### कृषि मंडी में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशानुसार बुधवार को कृषि उपज मण्डी प्रांगण हरदा में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। सचिव कृषि उपज मण्डी हरदा हरनारायण भिलाला ने बताया कि शिविर में मण्डी अनुज्ञप्तिधारी हम्माल, तुलावटियों, किसानों, व्यापारियों व कर्मचारियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में 30 महिला एवं 150 पुरूष सहित कुल 180 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 51 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई।

---

जिले के सिराली और कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

# जिले में ड्रग्स मामले में दो गिरफ्तार 98 लाख की 490 ग्राम एमडी जब्त








**इनका कहना है**

जिले में अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ लगातार कारवाई की जा रही है। पुलिस ने 2 मामलों में करीब 98 लाख रूपये की एमडी जब्त की है। पुलिस आगे भी लगातार कार्रवाई करती रहेगी।

शशांक, एसपी हरदा

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा।

जिले में एमडी ड्रग्स मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने 490 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 98 लाख रुपए बताई जा रही है। ड्रग्स सप्लाई का कनेक्शन राजस्थान से जुड़ा हुआ सामने आया है। एसपी शशांक ने पुलिस कंट्रोल रूम में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि रन्हाई रोड से स्कूटी सवार युवक पंकेश पिता बनवारीलाल झंवर को 2.61 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने एमडी ड्रग्स महेश उर्फ पप्पू खिलेरी (निवासी छोटी हरदा) से खरीदना बताया। इसके आधार पर पुलिस ने डॉग स्क्वायड की मदद से पप्पू के घर से 341 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की, जिसकी कीमत लगभग 68 लाख 20 हजार रुपए है।आरोपी पप्पू खिलेरी पर पहले से 9 प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस पहुंचने की जानकारी लगते ही वह मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश जारी है। एसपी ने बताया कि आरोपी पंकेश का शहर के कई लोगों से संपर्क में होना सामने आया है, जिसकी भी जांच की जा रही है। एमडी ड्रग्स तस्करी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एक अन्य मामला सिराली थाना क्षेत्र का है। जहां 149 ग्राम एमडी जब्त की है। 16 नवंबर को सिराली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति बड़ी मात्रा में ड्रग्स लेकर घूम रहा है। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सिरालीझआमासेल रोड पर पहटकला जोड़ के पास सेविनोद पिता फूलचंद पाटीदार (39), निवासी मयूर नगर, मुसाखेड़ी, इंदौर को पकड़ा। उसके पास से पन्नी में भरी 149 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ ठऊढर एक्ट की धारा 8/22 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ में विनोद ने बताया कि उसने एमडी ड्रग्सफिरदौस पठान (निवासी करणावत, जिला देवास) के माध्यम सेसलमान लाला, निवासी प्रतापगढ़ (राजस्थान) से खरीदी थी। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने फिरदौस पठान (28) को 19 नवंबर को गिरफ्तार कर लिया है।जबकि मुख्य सप्लायर सलमान लाला फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम राजस्थान भेजी गई है।

### एमडी एक सिंथेटिक ड्रग्स है

यह कृत्रिम रूप से बनाया गया रासायनिक पदार्थ है, जो उत्तेजक और मनोविकृतिकारी दोनों प्रभाव पैदा करता है। यह मुख्य रूप से मस्तिष्क में सेरोटोनिन, डोपामाइन और नॉरपेनेफ्रिन जैसे न्यूरो ट्रांसमीटर के स्राव को बढ़ाकर काम करता है। इसे अक्सर मनोरंजन के लिए इस्तेमाल किया जाता है और इसके गंभीर अल्पकालिक और दीर्घकालिक दुष्प्रभाव हो सकते हैं। जिले में युवा पीढ़ी तेजी से इसकी चपेट में आ रही है। इस पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को तस्करों के नेटवर्क को तोड़ना जरूरी है।

---

कलेक्टर ने कृषकों से की चर्चा

# खिरकिया, हरदा व टिमरनी में शुरू किए जाएंगे जैविक हाट



हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

जिले में प्राकृतिक एवं जैविक खेती से ज्यादा ज्यादा कृषकों को जोड़ा जाएगा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कृषि विभाग के मैदानी अमले को किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के लाभों से जागरूक करने एवं उन्हें जैविक व प्राकृतिक कृषि पद्धतियों से जोड़ने के लिये प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिये हैं।

बुधवार को आयोजित कृषि अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर ने खिरकिया, हरदा एवं टिमरनी में उपयुक्त स्थानों का चयन कर जैविक हाट प्रारम्भ करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि जैविक हाट में अपने उत्पाद बेचने के लिये कृषकों को अनुकूल सुविधाएं भी मुहैया कराई जाएं। बैठक में कलेक्टर द्वारा हरदा की कृषि उपज मण्डी में जैविक उपज खरीदी के लिये सप्ताह में एक निश्चित दिवस निर्धारित करने के भी दिये गये। उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे द्वारा बताया गया कि जिले में जैविक, प्राकृतिक खेती के लिये 122 किसानों को चयनित किया गया है, जिनमें से 73 किसानों द्वारा अभी तक 77.5 हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूँ, चना, मटर, सरसों, अश्वगंधा एवं सब्जीवर्गीय फसलों की जैविक बुवाई की जा चुकी है। जिस पर कलेक्टर ने बड़े किसानों को जैविक कृषि पद्धतियों की ओर आकृष्ट करने के उप संचालक कृषि को निर्देश दिये। इस दौरान उन्होने जैविक कृषि से जुड़े नये कृषकों से मोबाइल पर चर्चा भी की एवं उन्हें जैविक खेती के प्रति प्रोत्साहित किया। बैठक में नरवाई प्रबन्धन की समीक्षा के दौरान बताया गया कि स्ट्रारीपर, सुपरसीडर, बेलर, स्लेशर, श्रेडर मल्चर जैसे नरवाई प्रबन्धन यंत्रों के लिये विभाग को 213 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 162 को क्रय स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। बैठक में कस्टम हायरिंग सेंटर एवं जे फार्म सर्विस एप के उपयोग की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

---

ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाओं व स्टाफ की कमी के विरोध में प्रदर्शन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭रहटगांव।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाओं और स्टाफ की कमी के विरोध में स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर तीन दिन के भीतर व्यवस्थाएं सुधारने की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि हाल ही में उचित इलाज न मिलने के कारण एक गर्भवती महिला को परेशानी हुई, जिसके बाद हरदा में उसके बच्चे की मृत्यु हो गई।

यह घटना अस्पताल में लगातार स्टाफ की कमी के कारण हो रही समस्याओं को उजागर करती है। विरोध प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए एक डॉक्टर की नियुक्ति का आदेश जारी किया है। हालांकि, ग्रामीणों की मांग है कि तीन दिनों के भीतर पर्याप्त डॉक्टर और नर्सों की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही, स्वास्थ्य केंद्र में पीएम हाउस और पैथोलॉजी की सुविधा भी शीघ्र शुरू की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो आने वाले समय में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

---

जिला लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक आयोजित

# बिजली, नगर पालिका व अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं के निराकरण पर विचार किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में बुधवार को जिला लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के उद्यमियों की प्रदूषण बोर्ड, बिजली विभाग, नगर पालिका एवं अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं के निराकरण पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही औद्योगिक क्षेत्र में साफ-सफाई के लिये आवश्यक उपाय करने पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर जैन ने उद्यमियों से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन एवं प्रसंस्करण योजना का लाभ लेते हुए जिले में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग प्रारंभ करने की अपेक्षा की। उन्होने कहा कि इस योजना में अनुदान का भी प्रावधान है। उद्यमी योजना का लाभ लेकर जिले में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा दें। बैठक में जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र की महाप्रबन्धक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व जिले के उद्योगपति मौजूद थे।

**एसआईआर में तैनात मातहत कर्मचारियों को गंभीरता से कार्य करने के लिए पाबंद करें:** जिला निर्वाचन कार्यालय ने निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से नियुक्त बीएलओ, सुपरवाईजर्स एवं सहयोगियों को एसआईआर का कार्य गंभीरता पूर्वक सम्पन्न कराने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारियों को पत्र लिखकर कहा है कि उनके अधीनस्थ एसआईआर कार्य में ड्यूटीरत कर्मचारियों को पाबंद करें कि वे यह कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ गंभीरतापूर्वक सम्पन्न करें। कलेक्टर ने कहा है कि इस कार्य में यदि कोई अधिकारी कर्मचारी लापरवाही बरतेगा तो उसके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के तहत कार्यवाही की जाएगी। जिन जिला प्रमुख अधिकारियों को कलेक्टर द्वारा पत्र संबोधित किया गया है, उनमें वनमण्डलाधिकारी वनमण्डल सामान्य एवं उत्पादन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उप संचालक कृषि, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, उप संचालक उद्यानिकी विभाग, जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, परियोजना अधिकारी जिला शहरी अभिकरण, जिला प्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र एवं श्रम पदाधिकारी श्रम विभाग हरदा शामिल हैं।

---

अनुविभागीय अधिकारी को पहले दिया जा चुका ज्ञापन

# उड़ती धूल से हो रही लोगों को परेशानी, राज्यमार्ग मरम्मत को लेकर कांग्रेस का छीपाबड़ बंद आज

हरिभूमि न्यूज ⏭खिरकिया

कांग्रेस नेता भूपेंद्र राजपूत ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि 20 नवंबर गुरुवार को खंडवा होशंगाबाद राजमार्ग जो को छीपाबड़ से होकर गुजरता है इस मार्ग पर प्रतिदिन हजारों वाहन का परिचालन होता है और मार्ग की स्थिति बहुत ही दयनीय है। सारे दिन उड़ती धूल से दुकानदार और आम जनता परेशान है कांग्रेस नेताओं ने इस संबंध मे अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन दिया गया परन्तु प्रसाशन की उदासीनता के चलते आम जन परेशान है । उड़ती धूल से हो रही परेशानी के मद्देनजर छीपाबड़ नगर बंद का आह्वान किया गया है। बुधवार को वरिष्ठ नेता बद्री पटेल ने कांग्रेस नेताओं के साथ दुकानों पर पहुँच कर दुकानदारों से नगर बंद हेतु समर्थन माँगा । हालांकि बुधवार को छीपाबड़ खेड़े तक



एमपीआरडीसी विभाग द्वारा सड़क के गड्ढे भरने का काम लगातार किया गया । पिछले करीब एक सप्ताह से हाईवे पर बारंगा से लेकर छीपाबड़ तक गड्ढे भरने का कार्य लगातार जारी है । मशीनरी एवं मजदूरों के माध्यम से गड्ढे भरने का कार्य किया जा रहा है गुरुवार को छीपाबड़ चौराहे पर भी मरम्मत कार्य जारी रहेगा ।

उड़ती धूल के संबंध में जब जानकारी निकाली गई तो यह बात निकल कर सामने आई की खंडवा जिले के थर्मल प्लांट से रोजाना सैकड़ो की संख्या में भारी भरकम डंपर फ्लाई ऐश भरकर इस सड़क के माध्यम से हरदा की ओर जाते हैं । इन ओवरलोड डंपरों में से फ्लाई ऐश गिरती है जिसकी धूल पूरे छीपाबड़ में उड़ती रहती है जिससे स्थानीय दुकानदार एवं राहीगर बहुत परेशान है । एमपी आरडीसी विभाग के एसडीओ भूपेंद्र कापसे ने बताया कि संबंधित निर्माण एजेंसी से गड्ढे भरवाने का कार्य करवाया जा रहा है बुधवार को छीपाबड़ के पास तक गड्ढे भरने का कार्य किया गया।

---

विवेकानंद कॉलेज व पालीटेक्निक कॉलेज में हुए कार्यक्रम

# राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम, तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तंबाकू मुक्त युवा अभियान के लिए बुधवार को महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को तम्बाकू का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। शासकीय स्वामी विवेकानंद कॉलेज एवं पालीटेक्निक कॉलेज के छात्र छात्राओं को जिला नोडल अधिकारी डॉ. पीयूष दोगने एवं डॉ आयुषी गुप्ता ने तम्बाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई। प्राचार्य संगीता बिले के साथ सभी शिक्षक भी उपस्थित रहे। हरदा डिग्री कॉलेज हरदा में मास्टर ट्रेनर नशा मुक्त भारत अभियान नीरज गुर्जर द्वारा छब्ब कैडेट्स को शपथ दिलवाई गई तथा समाज में नशा मुक्त बनाने हेतु जागरूकता अभियान चलाने की अपील की गई।

---

# दिया तले अंधेरा: एसआईआर में जिला मुख्यालय तीसरे नंबर पर!

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. के नेतृत्व में जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इस प्रक्रिया के तहत बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं और उन्हें बीएलओ ऐप पर अपलोड कर डिजिटलीकरण कर रहे हैं।

हालांकि इस महत्वपूर्ण कार्य में जिला मुख्यालय की सीहोर विधानसभा का प्रदर्शन जिले की अन्य विधानसभाओं की तुलना में पिछड़ता नजर आ रहा है। जबकि जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारी जिला मुख्यालय पर ही मौजूद हैं, सीहोर विधानसभा के मामले में जिले में तीसरे स्थान पर है। एसआईआर प्रक्रिया के प्रथम चरण में जिले की चारों विधानसभाओं ने सराहनीय कार्य किया है, लेकिन बुधनी विधानसभा के बीएलओ ने विशेष रूप से अभूतपूर्व कार्यकुशलता का परिचय दिया है।

---

# वेक्टर जनित रोग नियंत्रण को लेकर जिला स्तरीय अंतर्विभागीय बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में वेक्टर जनित रोगों के प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए जिला स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसे वेक्टर जनित रोगों की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को समन्वय के साथ प्रभावी नियंत्रण उपाय लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डेंगू नियंत्रण केवल स्वास्थ्य विभाग का नहीं, बल्कि सभी विभागों और समुदाय का संयुक्त दायित्व है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करें, नियमित समीक्षा करें और यह सुनिश्चित करें कि जिले में वेक्टर जनित रोगों पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम हो सके। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि रोगों की रोकथाम के लिए जन-जागरूकता, साफ-सफाई और समय पर सर्वे अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि घर-घर सर्वे, रोगियों की त्वरित पहचान, टेस्टिंग और उपचार की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगरीय निकायों एवं पंचायतों को निर्देश दिए कि कहीं पर भी अनावश्यक पानी जमा न होने दें। इसके साथ ही फॉगिंग, लार्वा दमन एवं स्वच्छता अभियान को तेज किया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूलों, आंगनबाड़ियों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएँ, ताकि लोग रोकथाम के उपाय समय रहते अपनाएँ। उन्होंने सभी विभागों को नियमित रिपोर्टिंग, संयुक्त निरीक्षण और त्कलेक्टर ने वेक्टर जनित रोगों पर अधिक प्रभावी नियंत्रण तथा आमजन को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. क्षमा बर्वे से पीपीटी के माध्यम से वेक्टर जनित रोगों, रोकथाम के उपाय और और अन्य विभागों से अपेक्षा के बारे में विस्तार से बताया।